बी० ए० I

प्र०→ जीवोम या बायोम का अर्थ बताते हुए विश्व के सभी अधार भूत जीवोम का वर्णन किजिए

उ०→ जीवोम

जीवोम या बायोम (Biome) शब्द ग्रीक भाषा के बायोम (Bios) से बना है। जिसका अर्थ प्राय होता है। जीवन

(I) पीटर हैगेट के शब्दो मे " जीवोम पृथ्वी के वृहद पर्यावरणीय कटिबन्ध है। जो कि सुस्पष्ट पादप आवरण द्वारा चिह्नित होते है।

(II) क्लीमेण्ट व शेफर्ड के अनुसार – जीवोम एक ——×——×——×—— जैव समूह होता है जो कि भौगोलिक सीमाओ मे अपने विशिष्ट जैव रुप तथा जातीय श्रेष्ठता से पहचाना जाता है।

(III) ओडम के अनुसार → क्षेत्रीय जलवायु जब ——×—×—— क्षेत्रीय वनस्पति एवं प्राणियों से अन्तक्रिया करती है। तो विशिष्ट समुदायों का उद्भव होता है। जिसे सरलता से पहचाना जा सकेता है। उसको जीवोम के नाम से पुकारते है।

जीवोम के प्रकार

जीवोम को मुख्यत दो भागो मे बाँटा जा सकता है। स्थलीय तथा जलीय जीवोम

जलवायु तथा वनस्पति के आधार पर स्थलीय जीवोम को तीन भागो मे बाँटा जा सकता है।

वन जीवोम घास प्रदेश जीवोम तथा मरुस्थली जीवोम जलीय जीवोम को लवणता के आधार पर ताजा जलीय जीवोम तथा समुद्री जीवोम मे बाटते है

विश्व के प्रमुख जीवोम

(1) विषुवत रेखीय वन जीवोम –

स्थिति एंव विस्तार –

विषुवत रेखा के दोनो ओर लगभग 10° अक्षांशों के मध्य स्थित यह क्षेत्र पृथ्वी के स्थलीय भाग का 8% भाग घेरता है इसके अन्तर्गत मध्य अफ्रीका का काँगो बेसन मध्य अमेरिका दक्षिणी अमेरिका का अमेजन बेसिन तथा दक्षिणी पुर्वी एशिया का द्वीपीय व प्रायद्वीपीय भाग सम्मिलित है

जलवायु → उष्ण व आर्द्र जलवायु पायी जाती है कुछ ऋतविक भिन्नता को छोड़कर वर्ष पर्यन्त ऊँचे तापमान तथा वर्षा होती है

वनस्पति → ये क्षेत्र पादप विविधता की दृष्टि से धनी है अकेले मध्य अफ्रीका मे ही पुर्वी पादपो की लगभग 7,000 प्रजातियाँ मिलती है यहा मुख्यतः चौड़ी पत्ती वाले सदाबहार वन पाये जाते है नदियो के बाढकृत मैदानो व समुद्र तटीय मैदानो व समुद्रतटीय भागो मे दलदली वन पाये जाते है यहा त्रिस्तरीय वन पाये जाते है

प्राचार्य
मीरा मेमोरियल महाविद्यालय
शिक्षण एवं प्रशिक्षण संस्थान
पाण्डेयपुर, ताजा, बलिया